Bihar Election Watch

ADR
Association for Democratic Reforms

दिनांक– 19 नवम्बर, 2015

सेवा में,
श्रीमान नीतीश कुमार,
मुख्यमंत्री कार्यालय, सचिवालय
पटना, बिहार

**विषय**– <u>बिहार विधान सभा में केवल ईमानदार एंव स्वच्छ छवि वाले विधायकों को ही मंत्रीमंडल में शामिल करने की अपील</u>

महोदय,

बिहार इलेक्शन वॉच (बी.ई.डब्लयू) एंव एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिर्फामस (ए.डी.आर) आपको 2015 बिहार विधानसभा चुनाव में भारी विजय के लिए हार्दिक बधाई देता है तथा इस पत्र के द्वारा आपसे यह अपील करता है कि आप देश में सुशासन लाने के संघर्ष में हमारी मदद करें। आपसे यह विनम्र निवेदन है कि आप किसी भी आपराधिक छवि वाले विधायक को मंत्रीमंडल में शामिल ना करें।

बिहार इलेक्शन वॉच, नेशनल इलेक्शन वॉच (एन.ई.डब्ल्यू) का एक अंग है जो कि 1200 गैर सरकारी संस्थाओं का एक संगठन है। एन.ई.डब्ल्यू एंव ए.डी.आर (www.adrindia.org), जो कि एक गैर राजनीतिक एंव गैर सरकारी संस्था है, पिछले 15 वर्षो से भारतीय राजनीति एंव चुनाव प्रक्रिया में सुधार लाने के उद्देश्य से काम कर रहे हैं ताकि भारतीय प्रजातंत्र एंव शासन व्यवस्था में सुधार लाया जा सके।

एन.ई.डब्लयू एंव ए.डी.आर का ऐसा मानना है कि देश को ईमानदार एंव प्रभावी राजनेताओं एंव उत्तरदायी राजनीतिनक दलों की सख्त ज़रूरत है। हम किसी एक दल या राजनेता के विरूद्ध नही हैं बल्कि हम व्यवस्था प्रणाली के साथ मिलकर उसमें सुधार लाने के लिए काम करते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि बिहार विधानसभा में आपकी पार्टी स्वच्छ एंव ईमानदार छवि वाले विधायकों को ही मंत्रीमंडल में शामिल करेगी।

हमें विश्वास है कि आप बिहार के जनता की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे और ''अपराधमुक्त बिहार'' के अपने चुनावी वादे को पूरा करेंगे परन्तु इस बार बिहार विधानसभा चुनाव नतीजों के विश्लेषण से जो आंकड़े निकलकर आते हैं वह चिंताजनक है–

- ए.डी.आर एंव बी.ई.डब्ल्यू के विश्लेषण से यह पता चलता है कि **2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में 243 में से 98 (40 प्रतिशत) विधायकों** ने अपने खिलाफ़ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए। महागठबंधन में **जे.डी.यू क 71 में से 28 (39 प्रतिशत), आर.जे.डी के 80 में से 34 (43 प्रतिशत) और कांग्रेस के 27 में से 11 (41 प्रतिशत), विधायकों** ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किये है।
*(बिहार विधानसभा में महागठबंधन में जिन विधायकों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किये हैं उनकी सूची इस पत्र के साथ संलग्न हैं।)*

इसलिए हम आप से यह निवेदन करते हैं कि:

- बिहार विधानसभा 2015 में आपका महागठबंधन सिर्फ ईमानदार एंव सुयोग्य विधायकों, जिनके खिलाफ कोई गंभीर आपराधिक मामले नही हैं, को ही मंत्रीमडल में शामिल करें।
- आप जनता में विधायकों की सुयोग्यता का निर्धारण करने वाले मापदंडो का खुलासा करें।
- और जिन विधायकों पर गंभीर आपराधिक मामले हैं उनके मामलों पर कोर्ट को शीघ्र फैसला सुनाने के लिए अपील करेंगे।

आपके विश्वसनीय


## बिहार इलेक्शन वॉच

| नाम | पदनाम | मोबाईल नं0 | ई–मेल |
|---|---|---|---|
| श्री राजीव कुमार | स्टेट कोर्डिनेटर | + 91 96319 76889 | rajivkumar_patna@rediffmail.com |

## नेशनल इलेक्शन वॉच/एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स

| नाम | पदनाम | मोबाईल नं0 | ई–मेल |
|---|---|---|---|
| मीडिया और पत्रकार हैल्पलाईन | | + 91 80103 94248 | adr@adrindia.org |
| मेजर जनरल श्री अनिल वर्मा (रिटार्यड) | हेड/नेशनल कोर्डिनेटर, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिर्फोम्स एंव नेशनल इलेक्शन वॉच | + 91 88264 79910 | anilverma@adrindia.org |
| प्रोफेसर त्रिलोचन शास्त्री आई.आई.एम बैंगलोर | फाउण्डर मेम्बर, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिर्फोम्स एंव नेशनल इलेक्शन वॉच | + 91 94483 53285 | trilochans@iimb.ernet.in |
| प्रोफेसर जगदीप छोकर सेवानिवृत्त आई.आई.एम अहमदाबाद, | फाउण्डर मेम्बर, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिर्फोम्स एंव नेशनल इलेक्शन वॉच | + 91 99996 20944 | jchhokar@gmail.com |